# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – I SESSION 2025 - 26**

**CLASS – VIII**

**TIME : 1 hr. : 30 min.** **SUBJECT – HINDI** **M.M = 40**

निर्देश :–

(क) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं।

(ख) चारो खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ग) लिखावट साफ़ एवं सुंदर होनी चाहिए ।

खंड – क (पठन) **[5]**

(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :–

घर वालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही जरूरी है, जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है। विनम्रता का मतलब है—अच्छी तहज़ीब का पालन।

खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फ़ायदे हैं, किंतु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं, मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आख़िरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सकें। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें, तो वह उम्रभर साथ रहता है। यह दूसरों का ख्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है। ऐसी बातें बहुत छोटी और साधारण लगती हैं, लेकिन इनसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए—'कृपया', 'शुक्रिया', 'धन्यवाद' और 'मुझे क्षमा कर दीजिए' जैसे चंद शब्द जादू-सा असर दिखाते हैं।

**1. विनम्रता का अर्थ है:**

(क) सत्य का पालन (ख) बड़ों की आज्ञा का पालन व छोटों से स्नेह

(ग) अच्छी आदतों का पालन (घ) प्यार से बोलना

**2. बच्चों को बचपन से ही इस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि वे बड़े होकर:**

(क) बुद्धिमान व सदाचारी बनें (ख) दयालु व परोपकारी बनें

(ग) विनम्र व सभ्य बनें (घ) आज्ञापालक व विनम्र बनें

**3. विनम्र व्यक्ति की पहचान है:**

(क) विश्वसनीय होना (ख) सदाचारी व कर्मशील होना

(ग) संवेदनशील व हितैषी होना (घ) सत्यवादी होना

**4. विनम्रता का अन्य नाम है:**

(क) सदाचार (ख) आचार-विचार

(ग) शिष्टाचार (घ) परोपकार

**5. 'उम्रभर' शब्द का समानार्थक है:**

(क) आउम्र (ख) ताउम्र

(ग) नाउम्र (घ) साउम्र

## <u>खंड – ख</u> (लेखन)

**(2)** ''भाारत की संस्कृति'' अनुच्छेद लिखो :– (5)

**या**

व्यायाम

## <u>खंड – ग</u> (व्याकरण) [15]

**(3) निम्नलिखित वाक्यों में (√) या (X) निशान लगाओ :–** (3)

**(1)** संकेतों के द्‌वारा हम अपने विचारों को पारस्परिक रूप से पहुँचा सकते है।

**(2)** भाषा और बोली में कोई अंतर नही होता है

**(3)** स्वरों के मेल से शब्द बनते है।

**(4) निम्नलिखित शब्द तद्‌भव है या तत्सम लिखो।** (2)

**(1)** कर्ण **(2)** बात

**(5) पर्यायवाची लिखों :–** (3)

**(1)** अवगुण **(2)** उचित **(3)** उपवन

**(6) विलोम शब्द लिखो।** (3)

**(क)** आकर्षण **(ख)** अनिवार्य **(ग)** आज्ञा

**(7) अनेक शब्दों के एक शब्द लिखे ।** (2)

**(क)** जहाँ जाना कठिन हो । **(ख)** जिसका निर्देश किया गया हो ।

**(8) अनेकार्थक शब्द लिखो।** (2)

**(क)** अंबर **(ख)** कनक

## <u>खंड – घ</u> (पाठ्‌य – पुस्तिका) [15]

**(9) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें :–** **(3x1=3)**

**(क)** मनुजता कब पूर्ण होगी ?

**(ख)** झाऊलाल को अंग्रेजी के किस कोष का ज्ञान हुआ ?

**(ग)** राजा ने साधु का क्या कार्य किया ?

**(10) निम्नलिखित प्रश्नों के किन्ही तीन के उत्तर दें :–** **(3x2=6)**

**(क)** ''उतर क्यों न आए नखत सब गगन के, नही कर सकेंगे हदय में उजेरा'' इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है ?

**(ख)** लोटे के असली ग्राहक और कीमत का फैसला कैसे किया गया ?

**(ग)** राजा के मन में कौन से तीन सवाल उठे ?

**(घ)** मेजर डगलस कौन थे ? अंग्रेज साहब ने डगलस से संबंधित कौन सा किस्सा सुनाया ?

**(11) निम्नलिखित प्रश्नों के किसी एक का उत्तर दें :–** (4)

साधु ने किस प्रकार राजा के सवालों के जवाब दिए ?

**अथवा**

दीप ''जलाओं'' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखों।

**(12) दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प पर सही (√) का निशान लगाए ।** **(2x1=2)**

**(1)** पत्नी ने झाऊलाल की दशा देखकर किससे रूपए माँगने के लिए कहा ?

(क) पिता से (ख) भाई से (ग) बिलवासी से

**(2)** राजा और साधु ने मिलकर घायल आदमी को कहाँ सुलाया ?

(क) झोपड़ी के बाहर (ख) मैदान में (ग) झोपंड़ी के भीतंर